# मैरीलैंड हाईस्कूल असैसमेंट्स एवं आपका बच्चा



जून में, राज्य शिक्षा बोर्ड ने निर्णय लिया कि **2009** की कक्षा से शुरुआत करके, मैरीलैंड के सभी छात्रों को ग्रेज्युएट होने के लिए हाईस्कूल असैसमेंट्स में पास होना ज़रूरी होगा। इस विषय पर सवाल और जवाब तथा अगले कुछ पृष्ठों पर दिये गये विवरण में परीक्षा कार्यक्रम के बारे में समझाया गया है और यह भी बताया गया है कि इससे आपके बच्चे पर किस तरह से असर पड़ेगा। यदि आपको इनमें अपने सवालों के जवाब नहीं मिलते, तो अपने बच्चे के अध्यापक या प्रिंसिपल से मदद के लिए कहें। साथ ही, मैरीलैंड शिक्षा विभाग का वेब पेज - www.MarylandPublicSchools.org - भी जानकारी का अच्छा स्रोत है।

## मैरीलैंड हाईस्कूल असैसमेंट्स (आकलन) क्या हैं?

हाईस्कूल असेसमेंट, या HSA चार टेस्ट हैं -अंग्रेजी **10** बीजगणित/डैटा विश्लेषण, जीव विज्ञान, और सरकार, हर विषय में एक टेस्ट। आपका बच्चा पाठ्यक्रम पूरा करने पर हर विषय का टेस्ट देगा। टेस्टों (परीक्षाओं) में बहु-विकल्पीय और लिखित - उत्तर वाले दोनों तरह के प्रश्न होते हैं।

चूंकि HSA आपके बच्चे के द्वारा पाठ्यक्रम में सीखी गयी हर चीज को टेस्ट नहीं करते, इसलिए पूरे पाठ्यक्रम के विषयों पर जानकारी के लिए आपको अपने बच्चे के अध्यापक से सम्पर्क करना चाहिये।

## मैं टेस्ट के नमूना प्रश्न कहाँ पर देख सकता हूँ?

मैरीलैंड शिक्षा विभाग हर साल, हर विषय के लिए एक असैसमेंट सार्वजनिक रूप से जारी करता है। इन टेस्टों (परीक्षाओं) की समीक्षा करने के लिए, या किसी टेस्ट को ऑनलाइन देने के लिए हमारी वेबसाइट www.MarylandPublicSchools.org देखें। Testing/High School Assessment/HSA Test Items पर क्लिक करें। (अंग्रेजी **10** के असेसमेंट, फॉल **2005** में प्रकाशित किए जाने चाहियें।)

*अगले पेज पर जारी*

***www.MarylandPublicSchools.org***



मैरीलैंड के हाईस्कूल ग्रेज्युएशन की आवश्यकताओं को प्रदर्शित करने वाले पोस्टर के लिए इस न्यूज़लेटर को **खोलें**



MARYLAND STATE DEPARTMENT OF EDUCATION
Achievement Matters Most



## क्या ग्रेज्युएट होने के लिए मेरे बच्चे को HSA पास करना ज़रूरी है?

इस प्रश्न का उत्तर इस बात पर निर्भर करेगा कि आपका बच्चा कब ग्रेज्युएट होगा।

**2009 से पहले ग्रेज्युएशन करने वाले छात्र**

नहीं। **2009** से पहले हाईस्कूल से ग्रेज्युएट होने वाले छात्रों को ग्रेज्युएशन के लिए HSA पास करने की ज़रूरत नहीं है। फिर भी, उन्हें टेस्ट्स (परीक्षाएं) देना ज़रूरी है, और उनके स्कोर सम्भावी नियोक्ताओं द्वारा उन्हें नौकरी पर रखने और कॉलेज के अधिकारियों द्वारा उन्हें प्रवेश देने सम्बन्धी निर्णयों में मदद करने के लिए उनके हाई स्कूल के रिपोर्ट कार्ड में दर्शाये जायेंगे।

**2009 में या उसके बाद ग्रेज्युएशन करने वाले छात्र**

हाँ। **2009** में या उसके बाद हाईस्कूल से ग्रेज्युएट होने वाले छात्रों को ग्रेज्युएशन के लिए HSA पास करना होगा। इसे करने के कुछ तरीके हैं:

- सभी चारों HSA पास करें। उत्तीर्ण के लिए आवश्यक स्कोर हैं: बीजगणित/डैटा विश्लेषण, **412**; सरकार, **394**; तथा जीव विज्ञान, **400**। अंग्रेजी **10** का उत्तीर्ण स्कोर फॉल **2005** में निर्धारित किया जायेगा।

अथवा

- राज्य द्वारा स्वीकृत वैकल्पिक (सब्सटिट्यूट) परीक्षाओं में उत्तीर्ण अंक प्राप्त करें और उनमें से एक या उससे अधिक के स्कोर को HSA वाले स्कोर के स्थान पर प्रयुक्त करें। राज्य को अभी स्वीकार की जाने योग्य वैकल्पिक परीक्षाओं का चयन करना है, परन्तु इनमें एडवांस्ड प्लेसमेंट और इन्टरनेशनल बैकालौरिएट परीक्षायें शामिल किये जाने की सम्भावनाएं हैं।

अथवा

- हर टेस्ट में एक न्यूनतम स्कोर प्राप्त करें तथा प्राप्त संयुक्त स्कोर चारों HSA के न्यूनतम उत्तीर्ण अंकों के योग के बराबर हो। राज्य शिक्षा बोर्ड ने अभी न्यूनतम स्कोर निर्धारित नहीं किये हैं, परन्तु वे पास करने के लिए ज़रूरी स्कोर से नीचे ही होंगे। संयुक्त-स्कोर विकल्प से आपका बच्चा किसी परीक्षा में निम्न प्रदर्शन की कमी को दूसरी परीक्षा में उच्च प्रदर्शन से पूरा कर सकता है।

**2009** से पहले और उसके बाद ग्रेज्युएशन करने वाले सभी विद्यार्थियों को राज्य की क्रेडिट, सेवा-शिक्षा, एवं उपस्थिति सम्बन्धी शर्तों को पूरा करना चाहिये और **साथ ही उन सभी शर्तों को भी जो आपके स्कूल डिस्ट्रिक्ट द्वारा लागू की गयी हैं।** मैरीलैंड के ग्रेज्युएशन की आवश्यकताओं/शर्तों के संक्षिप्त विवरण वाले पोस्टर के लिए इस न्यूजलैटर को खोलें।

## मेरा बच्चा मिडिल स्कूल में है, परन्तु वह अभी बीजगणित ले रहा है। क्या उसे ग्रेज्युएशन करने के लिए बीजगणित HSA को पास करना होगा?

हाँ। विद्यार्थी पाठ्यक्रम पूरा कर लेने के बाद हर HSA परीक्षा देते हैं। यदि आपका बच्चा मिडिल स्कूल में है परन्तु वह हाईस्कूल-स्तर का कोई पाठ्यक्रम ले रहा है - यह अक्सर बीजगणित के साथ होता है - तो उसे ग्रेज्युएट होने के लिए समुचित HSA पास करना होगा। निश्चित रूप से, विद्यार्थी जितनी जल्दी कोई HSA देगा, उसके पास उसे उत्तीर्ण करने के उतने ही अधिक अवसर होंगे।

## क्या मेरे बच्चे के लिए फिर भी मैरीलैंड फंक्शनल (कार्य-सम्बन्धी) परीक्षायें पास करना ज़रूरी है?

नहीं। HSA ने मैरीलैंड फंक्शनल परीक्षाओं का स्थान ले लिया है। विद्यार्थियों के जिस आखिरी समूह को फंक्शनल (कार्य-सम्बन्धी) परीक्षाओं को पास करना ज़रूरी है, वह **2004** में ग्रेज्युएशन करने वाली कक्षा है। फिर भी, फंक्शनल टेस्ट अक्सर मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए लागू किए जाते थे, इसलिए उन्हें बन्द किये जाने से पहले हो सकता है कि आपके बच्चे ने एक या उससे अधिक वे परीक्षायें दी हों।

फंक्शनल (कार्य-सम्बन्धी) परीक्षाओं की रचना बुनियादी निपुणताओं का आकलन करने के लिए **1980** के दशक में की गयी थी। परन्तु यह स्पष्ट है कि जीवन में सफलता के लिए बुनियादी निपुणताओं

# राज्य द्वारा अभ्यास परीक्षायें तथा ऑनलाइन पाठ्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं।

प्रवीण होने के अलावा और बहुत कुछ चाहिए। कॉलेज और नियोक्ता विद्यार्थियों से पहले की तुलना में कहीं अधिक जानकारी रखने और कार्य करने की योग्यता रखने की अपेक्षा करते हैं। पब्लिक स्कूलों को इन उच्च अपेक्षाओं के लिए ग्रेज्युएट तैयार करने की ज़रूरत है, और HSA उस तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## मैं अपने बच्चे के स्कोर कब देखूँगा?

परीक्षा देने के लगभग नौ सप्ताह बाद, राज्य सभी विद्यार्थियों के स्कोर उनके स्कूल डिस्ट्रिक्ट को भेजेगा। स्कूल डिस्ट्रिक्ट फिर स्कोर्स को विद्यार्थियों के माता-पिता को भेजेगा।

## मेरे बच्चे को HSA के लिए कैसे तैयारी करनी चाहिये?

वे ही गतिविधियां जो नियमित क्लासरूम परीक्षाओं में ग्रेड और स्कोर में सुधार लाती हैं -पाठ्यक्रम सम्बन्धी कार्य और होमवर्क करते रहना, कक्षा में हिस्सा लेना, मेहनत से पढ़ाई करना - विद्यार्थी की HSA में सहायता करेंगी। कुछ अन्य तरीके निम्नलिखित हैं जिनके द्वारा विद्यार्थी HSA के लिए तैयारी कर सकते हैं।

**व्यवस्था सम्बन्धी और अध्ययन की निपुणताओं पर ध्यान दें।**

HSA में पूरे पाठ्यक्रम से प्रश्न शामिल होते हैं, इसलिए विद्यार्थियों को पूरे साल के अपने नोट्स को व्यवस्थित रखना चाहिए और हर यूनिट में कवर किये गये विषयों की समीक्षा करनी चाहिए।

**लेखन सम्बन्धी निपुणताओं को अच्छा बनाएं।**

HSA के कई हिस्सों के लिए लिखित उत्तर चाहियें। इसके अलावा, विद्यार्थियों की ग्रेज्युएशन के बाद चाहे कुछ भी योजनाएं हों, उन्हें यह जानने की ज़रूरत होगी कि अच्छा कैसे लिखा जाये।

**अपने समय का प्रबन्धन ध्यानपूर्वक करें।**

एक अध्ययन से पता चला है कि समय के अच्छे प्रबन्धन की निपुणतायें SAT स्कोर्स की तुलना में, कॉलेज में अच्छे ग्रेड्स के बारे में पहले से ही बता देती हैं।

**मैरीलैंड स्कूल असैसमेंट को गम्भीरता से लें।**

**3** से **8** तक की कक्षाओं में और कक्षा **10** में दिया गया मैरीलैंड स्कूल असैसमेंट HSA के लिए अच्छा अभ्यास है।

## यदि मेरा बच्चा एक या उससे अधिक परीक्षाओं को पास नहीं कर पाता, तो क्या होगा?

यदि आपका बच्चा किसी HSA को पास नहीं कर पाता, तो उसके अध्यापक से सम्पर्क करें, जो आपको बतायेगा/ बतायेगी कि आपका बच्चा उस विषय में किस प्रकार अतिरिक्त सहायता प्राप्त कर सकता है। आपके बच्चे के द्वारा विषय सामग्री की समीक्षा कर लेने के बाद और अतिरिक्त सहायता प्राप्त कर लेने के बाद, वह अगली बार उस परीक्षा में बैठ सकता है। (दोबारा परीक्षा देने वाले विद्यार्थी साल में तीन बार - जनवरी, मई, और गर्मियों में - ऐसा कर सकते हैं।)

राज्य, अभ्यास परीक्षाएं तैयार कर रहा है जिनका उपयोग स्कूल डिस्ट्रिक्ट उन विद्यार्थियों को पहचानने के लिए कर सकता है जिन्हें अतिरिक्त सहायता की ज़रूरत है। स्कूल डिस्ट्रिक्ट फिर विद्यार्थियों को HSA में फेल होने से पहले वह सहायता प्रदान कर सकते हैं। राज्य ऑनलाइन पाठ्यक्रम भी तैयार कर रहा है जिससे विद्यार्थियों

*अगले पेज पर जारी*



# मैरीलैंड हाईस्कूल असैसमेंट पर और अधिक जानकारी के लिए

## www.MarylandPublicSchools.org

पेज के ऊपरी सिरे पर टेस्टिंग मेन्यु से, हाई स्कूल असेसमेंट चुनें।

को परीक्षाओं के लिए तैयारी करने में मदद मिलनी चाहिए। ये पाठ्यक्रम सम्भवत: सितम्वर **2005** तक उपलब्ध हो जायेंगे।

### यदि परीक्षा के दौरान मेरा बच्चा अनुपस्थित रहता है, तो क्या होगा?

नियमित HSA के दौरान अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थी निर्धारित पूरक दिनों में से किसी दिन परीक्षा दे सकते हैं (आपके वच्चे का अध्यापक या प्रिंसिपल आपको वतायेगा कि वे कव हैं।) जव तक आपका बच्चा वीमार/अस्वस्थ न हो, उसे परीक्षा के दौरान स्कूल आने का हर सम्भव प्रयास करना चाहिए।

### क्या शारीरिक रूप से असमर्थ/विकलांग विद्यार्थियों को ग्रेज्युएट होने के लिए HSA पास करना ज़रूरी है?

**2009** की कक्षा से शुरू होकर, सभी विद्यार्थियों के लिए - विशेष शिक्षा वाले विद्यार्थियों सहित - डिप्लोमा के साथ ग्रेज्युएशन करने के लिए HSA पास करना ज़रूरी है। इस समय, शारीरिक असमर्थताओं वाले/विकलांग विद्यार्थियों के लिए कोई वैकल्पिक ग्रेज्युएशन परीक्षाएं नहीं हैं। फिर भी, इस वर्ष के फॉल के दौरान, एक टास्कफोर्स यह पता लगाना शुरू करेगा कि राज्य उन विद्यार्थियों के लिए, जिन्हें पारम्परिक परीक्षायें देने में कठिनाई है, किस तरह वैकल्पिक असैसमेंट्स प्रदान कर सकता है। वैकल्पिक असैसमेंट में वही विषय सामग्री होगी जो HSA में है, परन्तु वे विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए मददगार होंगे जो शारीरिक रूप से असमर्थ /विकलांग हैं। इस टास्कफोर्स की सिफारिशें फॉल **2007** तक जारी हो जानी चाहियें।

बहुत से विशेष शिक्षा प्राप्त करने वाले बहुत विद्यार्थियों के पास व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम (IEP) होता है जिसमें उन्हें शिक्षा देने और उनकी परीक्षा लिये जाने के दौरान उनके लिए आवश्यक सुविधाओं का उल्लेख होता है। मैरीलैंड शिक्षा विभाग राज्य परीक्षाओं में दी जाने वाली सुविधाओं के वारे में शिक्षकों को निर्ण य लेने में मदद करने के लिए एक निर्देशिका प्रकाशित करता है। मैरीलैंड असैसमेंट प्रोग्राम में विद्यार्थियों को आंशिक या पूरी छूट या सुविधाएं देने संवंधी आवश्यकताएं (*Requirements for Accommodating, Excusing, and Exempting Students in Maryland Assessment Programs*) वेव साइट www.MarylandPublicSchools.org पर उपलब्ध है। (Divisions/Special Education and Early Intervention/Publications and Reports पर क्लिक करें।) आपके वच्चे का अध्यापक या प्रिसिंपल भी आपको वता सकता है कि राज्य परीक्षाओं में किन सुविधाओं या छूट के लिए अनुमति है।

गम्भीर विकलांगताओं वाले वहुत कम विद्यार्थी डिप्लोमा के वजाय कार्यक्रम पूरा किये जाने सम्वन्धी प्रमाणपत्र हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम पूरा किये जाने सम्वन्धी प्रमाणपत्र शारीरिक असमर्थताओं वाले विद्यार्थियों के लिए कई वर्षो से उपलब्ध रहा है और यह मैरीलैंड की हाईस्कूल ग्रेज्युएशन नीति में किये गये हाल के संशोधनों का नतीजा नहीं है।

यदि आपके पास अपने वच्चे और उसके अध्ययन कार्यक्रम के वारे में कोई विशिष्ट प्रश्न हैं, तो अपने बच्चे के अध्यापक या IEP टीम से सम्पर्क करें। ■

## मैरीलैंड हाईस्कूल असैसमेंट्स एवं *आपका बच्चा*


**ऑफिस ऑफ एकेडेमिक पॉलिसी**

Ronald A. Peiffer
डिप्टी स्टेट सुपरिंटेंडेंट ऑफ स्कूल्स

Edward L. Root
अध्यक्ष, राज्य शिक्षा बोर्ड

Nancy S. Grasmick
वोर्ड की सचिव-कोषाध्यक्षा
स्टेट सुपरिंटेंडेंट ऑफ स्कूल्स

Robert L. Ehrlich, Jr., गवर्नर

Maryland State Department of Education • 200 West Baltimore Street • Baltimore, Maryland 21201-2595
फोन: 410.767.0600 या 888.246.0016 • TTY/TDD: 410.333.3045 • फैक्स: 410.333.2275 • www.MarylandPublicSchools.org